# CD–2023

## B. Com. (Part II) EXAMINATION, 2020

**(Old Course)**

**(Group—I : Accounting)**

Paper First

CORPORATE ACCOUNTING

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Pass Marks : 25*

**नोट :** सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

**इकाई—1**

**(UNIT—1)**

1. अंशों के हरण का क्या अर्थ है ? अंशों का हरण कैसे किया जाता है ? क्या हरण किये गये अंश बट्टे पर पुनःनिर्गमित किये जा सकते हैं ? अंशों के हरण और उसके पुनःनिर्गमन हेतु पँजी (जर्नल) प्रविष्टियाँ दीजिए।

   What is the meaning of forfeiture of shares ? How are shares forfeited ? Can forfeited shares be re-issued at discount ? Give journal entries for forfeiture and re-issue of shares.

अथवा

(*Or*)

1 अप्रैल, 2016 को रॉबिन्स लिमिटेड ने प्रत्येक ₹ 100 वाले 1000 ऋणपत्रों का निर्गमन किया। तीन वर्षों के पश्चात् इन ऋणपत्रों का भुगतान सम मूल्य पर किया जाना था। इस हेतु कम्पनी ने ऋणपत्र शोधन कोष का निर्माण किया। संचालकों ने आवश्यक रोकड़ जुटाने हेतु ₹ 1,00,000 की एक बीमा पॉलिसी लेने का भी निर्णय लिया। प्रत्येक वर्ष के प्रारम्भ में बीमा पॉलिसी का वार्षिक प्रीमियम ₹ 30,000 दिया गया।

कम्पनी की खाताबही में आवश्यक खाते खोलिए।

On 1st April, 2016 Robbins Ltd. issued 1000 debentures of ₹ 100 each. These debentures were to be redeemed at par at the end of three years. The directors decided to take out an insurance policy of ₹ 1,00,000 to provide necessary cash. The annual premium of ₹ 30,000 was paid at the beginning of each year.

Open necessary Ledger Accounts in the books of the company.

इकाई—2

**(UNIT—2)**

2. भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत एक कम्पनी के अन्तिम खाते तैयार करने तथा प्रस्तुत करने से सम्बन्धित कौन से नियम हैं ? व्याख्या कीजिए।

What are the rules regarding the preparation and presentation of final accounts of a company under the Indian Companies Act, 2013 ? Explain.

अथवा

(*Or*)

सन माइनिंग कम्पनी लिमिटेड का 1 अप्रैल, 2019 को ऐच्छिक समापन होता है। समापक द्वारा, जिसको कि सम्पत्ति की वसूली पर 3% तथा अंशधारियों को भुगतान की गयी राशि पर 2% पारिश्रमिक मिलना है, सभी सम्पत्तियों की वसूली की गयी। 31 मार्च, 2019 को कम्पनी की निम्नलिखित स्थिति थी :

| | ₹ |
|---|---|
| सम्पत्तियों के वसूलीकरण से प्राप्त राशि | 50,00,000 |
| समापन व्यय | 90,000 |
| अरक्षित लेनदार (समापन के पूर्व एक माह की मजदूरी एवं वेतन ₹ 60,000 शामिल हैं) | 6,80,000 |
| 5000, 6% पूर्वाधिकार अंश प्रत्येक ₹ 300 (31 मार्च, 2018 तक लाभांश चुकाया गया) | 15,00,000 |
| 10000 समता अंश प्रत्येक ₹ 100 के (₹ 90 प्रति अंश याचित एवं दत्त) | 9,00,000 |
| सामान्य संचय (31 मार्च, 2019 तक) | 12,00,000 |
| लाभ-हानि विवरण पत्र (अतिरेक) (31 मार्च, 2019) | 2,00,000 |

कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार पूर्वाधिकार अंशधारियों को समता अंश पूँजी का भुगतान करने के पश्चात् बचे हुए आधिक्य का 1/3 भाग प्राप्त करने का अधिकार है।

निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता तैयार कीजिए।

The Sun Mining Company Limited went into voluntary liquidation on 1st April, 2019. The liquidator, whose remuneration is 3% on realisation of assets and 2% on distribution to shareholders, realised all the assets.

The following was the position of the company on 31st March, 2019 :

| | ₹ |
|---|---|
| Cash on realisation of assets | 50,00,000 |
| Expenses of liquidation | 90,000 |
| Unsecured Creditors (including salary and wages for one month prior to liquidation ₹ 60,000) | 6,80,000 |
| 5000, 6% preference shares of ₹ 300 each (Dividend paid-up to 31st March, 2018) | 15,00,000 |
| 10000 Equity shares of ₹ 100 each (₹ 90 per share called-up and paid-up) | 9,00,000 |
| General Reserve (as at 31st March, 2019) | 12,00,000 |
| Statement of Profit & Loss (Surplus) as at 31st March, 2019 | 2,00,000 |

Under the articles of association of the company the preference shareholders have the right to receive one-third of surplus remaining after repaying the equity share capital.

Prepare Liquidator's Final Statement of Account.

## इकाई—3

## (UNIT—3)

3. एक कम्पनी का पिछले पाँच वर्षों का शुद्ध लाभ कर का प्रावधान करने के पश्चात् क्रमशः ₹ 4,00,000; ₹ 4,20,000; ₹ 4,50,000; ₹ 4,60,000 और ₹ 4,70,000 है। व्यापार में विनियोजित पूँजी ₹ 40,00,000 है। विनियोजित पूँजी पर उचित आय ₹ 10% आँकी

गयी। यह अनुमान किया जाता है कि कम्पनी अगले पाँच वर्षों तक अधिलाभ बनाये रखने में सक्षम है :

(i) अधिलाभों की वार्षिकी के आधार पर ख्याति की गणना कीजिए। 10% ब्याज की दर पर पाँच वर्षों के लिए ₹ 1 की वार्षिकी का वर्तमान मूल्य ₹ 3.78 माना जाये।

(ii) आपके उत्तर में क्या अन्तर होगा यदि ख्याति की गणना नियोजित पूँजी पर उचित प्रत्याय के वितरण योग्य उचित औसत लाभ के आधिक्य के पूँजीकरण से की जाये, यदि उचित प्रत्याय की दर 10% है ?

(iii) पाँच गुने के बराबर ख्याति की गणना अधिलाभ कीजिए।

The net profit of a company after making provision for taxation for the last five years are ₹ 4,00,000; ₹ 4,20,000; ₹ 4,50,000; ₹ 4,60,000 and ₹ 4,70,000 respectively. The capital employed in the business is ₹ 40,00,000 on which the expected reasonable rate of return is 10%. It is expected that the company will be able to maintain its super profits for the next five years :

(i) Calculate the value of goodwill of business on the basis of an annuity of superprofits, taking the present value of an annuity of one rupee for five years at 10% interest as ₹ 3.78.

(ii) How would your answer differ if the goodwill is calculated by capitalising the excess of the annual average distributable profit over the reasonable return on capital employed on the basis of the same return of 10% ?

(iii) Calculate goodwill on five years' purchase of super-profit.

अथवा

(*Or*)

भारत लिमिटेड ने निम्नलिखित प्रतिभूतियाँ जारी कर रखी हैं :

| | |
|---|---|
| 500000 समता अंश ₹ 10 प्रति अंश, पूर्ण चुकता | ₹ 50,00,000 |
| 33000, 10% पूर्वाधिकार अंश ₹ 100 प्रति अंश, पूर्ण चुकता | ₹ 33,00,000 |
| 20000, 8% ऋणपत्र, ₹ 100 प्रति ऋणपत्र | ₹ 20,00,000 |

ऋणपत्रों पर ब्याज देने से पहले कम्पनी का औसत लाभ ₹ 38,20,000 है। आयकर की दर 25% तथा लाभांश कर की दर 10% मानिये।

यदि पूर्वाधिकार अंशों पर सामान्य प्रत्याय दर 8% तथा समता अंशों पर सामान्य प्रत्याय दर 12% हो, तो समता एवं पूर्वाधिकार अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Bharat Limited has issued the following securities :

| | |
|---|---|
| 500000 Equity shares of ₹ 10 each fully paid | ₹ 50,00,000 |
| 33000, 10% Preference Share of ₹ 100 each fully paid | ₹ 33,00,000 |
| 20000, 8% Debentures of ₹ 100 each | ₹ 20,00,000 |

Average profit of the company before debenture interest is ₹ 38,20,000. Assume that the Income Tax rate is 25% and tax on dividend is 10%.

If normal rate of return is 8% on preference shares and 12% on equity shares, ascertain the value of equity and preference shares.

## इकाई—4

## (UNIT—4)

4. कम्पनी के एकीकरण से आप क्या समझते हैं ? कम्पनी के एकीकरण के समय विक्रेता कम्पनी की पुस्तकों में की गई पंजी (जर्नल) प्रविष्टियाँ दीजिए।

What do you understand by amalgamation of company ? Give journal entries in the books of the vendor company at the time of amalgamation of the company.

अथवा

*(Or)*

इण्डो लिमिटेड जिसकी पूँजी ₹ 10 वाले अंशों में विभक्त ₹ 5,00,000 थी, का निम्नलिखित शर्तों पर पुनर्निर्माण हुआ।

प्रत्येक अंशधारक को अपने वर्तमान अंशों के बदले में निम्नलिखित प्राप्त होगा :

(i) अपने वर्तमान अंशों के $\frac{2}{5}$ मूल्य के बराबर पूर्णदत्त समता अंश।

(ii) उपर्युक्त समता अंशों के $\frac{1}{5}$ मूल्य के बराबर 10% पूर्वाधिकार अंश।

(iii) ₹ 60,000 के 8% ऋणपत्र।

ख्याति का मूल्य ₹ 3,25,000 से घटाकर ₹ 1,50,000 किया गया; संयन्त्रादि जो ₹ 90,000 था, घटाकर ₹ 75,000 कर दिया गया; आत्मधृत सम्पत्ति, जिसका पुस्त मूल्य ₹ 1,10,000 था, घटाकर ₹ 1,00,000 कर दिया गया।

उपर्युक्त योजना को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक प्रपंजी खाते बनाइए।

Indo Limited had a share capital of ₹ 5,00,000 divided into shares of ₹ 10 each. It was reconstructed as follows.

Every shareholder to receive the following in exchange of his present shareholdings :

(i) Fully paid equity shares equal to the $\frac{2}{5}$th value of present shares.

(ii) 10% preference share equal to $\frac{1}{5}$th value of the aforesaid equity shares.

(iii) 8% Debentures worth ₹ 60,000.

Value of goodwill has been reduced to ₹ 1,50,000 from ₹ 3,25,000. Plant which was shown at ₹ 90,000 was reduced in value to ₹ 75,000. The book value of freehold property, which stood at ₹ 1,10,000 was reduced to ₹ 1,00,000.

Prepare necessary Ledger Accounts to give effect to the above scheme.

इकाई—5

(UNIT—5)

5. 31 मार्च, 2019 को 'A' लिमिटेड और 'B' लिमिटेड के दायित्वों एवं सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार था। 'B' लिमिटेड A लिमिटेड की सहायक कम्पनी है :

| विवरण | 'A' लिमिटेड (₹) | 'B' लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|
| देयताएँ : | | |
| अंश पूँजी (₹ 100 प्रति) | 18,00,000 | 10,00,000 |
| लाभ-हानि विवरण-पत्र (अतिरेक / कमी) | 3,50,000 | (2,50,000) |
| व्यापारिक देय (लेनदार) | 8,00,000 | 3,00,000 |
| | 29,50,000 | 10,50,000 |

| | | |
|---|---|---|
| सम्पत्तियाँ : | | |
| विविध सम्पत्तियाँ | 19,00,000 | 8,00,000 |
| व्यापारिक प्राप्य (देनदार) | 5,00,000 | 2,50,000 |
| सहायक कम्पनी में अंश (₹ 100 वाले 8000 अंश लागत पर) | 5,50,000 | |
| | 29,50,000 | 10,50,000 |

'A' लिमिटेड के देनदारों में ₹ 1,00,000 की एक राशि शामिल है जो 'B' लिमिटेड द्वारा देय है। 1 अक्टूबर, 2018 को 'A' लिमिटेड ने 'B' लिमिटेड के अंश प्राप्त किये। इस तिथि को सहायक कम्पनी के लाभ-हानि विवरण पत्र में ₹ 4,00,000 कमी (हानि) शेष थी।

अल्पमत हित की गणना कीजिए एवं मिश्रित चिट्ठा बनाइए।

The following are the summarized details of Liabilities and Assets of 'A' Limited and 'B' Limited as on 31st March, 2019. 'B' Limited is a subsidiary company of 'A' Limited :

| **Particulars** | **'A' Limited (₹)** | **'B' Limited (₹)** |
|---|---|---|
| **Liabilities :** | | |
| Share Capital (₹ 100 each) | 18,00,000 | 10,00,000 |
| Statement of Profit & Loss (Surplus/Deficiency) | 3,50,000 | (2,50,000) |
| Trade Payable (Creditors) | 8,00,000 | 3,00,000 |
| | 29,50,000 | 10,50,000 |

| | | |
|---|---|---|
| **Assets :** | | |
| Sundry Assets | 19,00,000 | 8,00,000 |
| Trade Receivables (Debtors) | 5,00,000 | 2,50,000 |
| Share in Subsidiary Company (8000 share of ₹ 100 each at cost) | 5,50,000 | |
| | 29,50,000 | 10,50,000 |

The Debtors of 'A' Limited include ₹ 1,00,000 due to from 'B' Limited. 'A' Limited acquired the shares of 'B' Limited on 1st October, 2018 when the subsidiary company had a deficiency balance of Statement of Profit & Loss of ₹ 4,00,000.

Calculate minority interest and prepare a consolidated Balance Sheet.

अथवा

(*Or*)

बैंक के लाभ-हानि खाते का एक नमूना दीजिए तथा इसके प्रत्येक शीर्षक को सूक्ष्म में समझाइए।

Give a specimen of Bank's Profit & Loss Account and explain its each head in brief.